JALAUN POLICE

दिनांक – 09.04.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली माधौगढ पुलिस टीम द्वारा युवक की हत्या की घटना का सफल अनावरण कर 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया जिसमें 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हुआ।

अवगत कराना है कि दिनांक 27.03.2026 को वादी परमाल सिंह पुत्र स्व0 श्री दीप सिंह निवासी ग्राम रुद्रपुरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन ने थाना माधौगढ पर लिखित तहरीर दी कि उनका पुत्र कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के दिनांक 25.03.2026 को घर से बिना बताये कहीं चला गया है। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली माधौगढ पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। दिनांक 08.04.2026 को गुमशुदा कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के का शव ग्राम रूद्रपुरा के निवासी रोहित पुत्र नाथूराम के बाड़े से मिट्टी में दबे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुये घटना के सफल अनावरण हेतु 02 टीमों को लगाया गया था।

दिनांक 09.04.2026 को कोतवाली माधौगढ पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त 1. रोहित पुत्र नाथूराम उम्र करीब 22 वर्ष 2. तेज प्रताप सिंह उर्फ तेजा पुत्र रामबरन उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण ग्राम रूद्रपुरा थाना माधौगढ जनपद जालौन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने दिनांक 26.03.2026 को रोहित के बाड़े में शराब पीने के दौरान हुये विवाद में कमल उपरोक्त की हत्या कर दी थी और मृतक कमल को जिस बोतल से मारा था वह बोतल व मृतक कमल का मोबाइल फोन छिपा दिया था। कोतवाली माधौगढ पुलिस द्वारा आलाकत्ल (बोतल) बरामदगी हेतु अभियुक्तों को छिपाये गये स्थान पर ले जाया गया जहां पर अभियुक्त रोहित द्वारा पहले से छिपाये हुये तमन्चे को निकाल कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसके बचाव में पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ हेतु जबाबी फायर किया, जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्त रोहित उपरोक्त के पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। घायल अभियुक्त रोहित उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. रोहित पुत्र नाथूराम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम रूद्रपुरा थाना माधौगढ जनपद जालौन (घायल)
2. तेज प्रताप सिंह उर्फ तेजा पुत्र रामबरन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रूद्रपुरा थाना माधौगढ जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
3. आलाकत्ल 01 कांच की बोतल
4. 03 अदद मोबाइल फोन

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली माधौगढ मय टीम जनपद जालौन।